तापमान

अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026

12 मनरेगा को लेकर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार पर बोला हमला...



12 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसान-केंद्रित सुधारों को गति



## खबर संक्षेप

### सैन्य एरिया में खड़ी लावारिस कार से हड़कंप

**अंबाला।** सैन्य क्षेत्र स्थित आकाश गंगा बैंकवेट हॉल के निकट मंगलवार को उस समय हलचल मच गई, जब दिल्ली नंबर की संदिग्ध अल्टो कार सेना के क्वार्टरों के बाहर खड़ी मिली। 2 फरवरी की रात से सफेद रंग की दिल्ली नंबर डीएल8सीएडब्ल्यू5431 कार मुख्य रोड किनारे खड़ी हुई थी। सूचना पाकर इलाका सहित सेना पुलिस व जांच एजेंसियां मौके पर पहुंची। कार में देखा जा रहा है कि कोई सामान तो नहीं पड़ा व गाड़ी में पेट्रोल भी खत्म पाया गया है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया। पुलिस ने किशोरी के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 13 वर्षीय लड़की 29 जनवरी को किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी।

### गबन के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** आर्थिक अपराध शाखा ने थाना साहा में दर्ज बैटरी गबन मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गाजियाबाद क रमेश कुमार के रूप में हुई है।अंबाला शहर की जग्गी कॉलोनी के रहने वाले प्रतीक ने 10 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 मार्च 2025 को आरोपी हरीश कुमार व उसके साथियों ने मिलीभगत कर धोखाधड़ी से 280 माइक्रोटेक बैटरियों का गबन किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी को दबोचा

**बराड़ा।** चोरी के एक मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने क्रैशर मशीन का सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया। थाना बराड़ा में दर्ज मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कृष्ण कुमार वासी गांव कंबासी को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

### लाठी से सिर में वार कर व्यक्ति को किया घायल

**यमुनानगर।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र के गांव भीलपुरा में कहासुनी होने पर चार भाइयों ने एक व्यक्ति के सिर पर लाठी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपी भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उस्मान ने शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले साबिर व गफार के साथ कहा सुनी हो गई थी।



**यमुनानगर।** सड़कों पर छाए घने कोहरे के बीच से धीमी गति से चलते हुए वाहन।

# घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से ठंड से ठिठुरे लोग

## जिले में कई दिन धूप खिलने के बाद मंगलवार को फिर घना कोहरा , शीतलहर चलने व दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में बढ़ी ठंड, तापमान में आई गिरावट से जनजीवन हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में धूप खिलने के बाद मंगलवार को एक बार फिर शीतलहर चलने,घना कोहरा छाए रहने और दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। मौसम में ठंडक बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए और वाहनों की रफ्तार धीमी रही। वाहन चालकों ने लाइटें जलाकर किसी तरह सड़कों पर वाहनों को बहुत धीमी गति से चलाया। दोपहर के समय कोहरा का प्रकोप कुछ कम हुआ।

जिसके बाद लोगों ने अपने घरों से निकलकर काम धंधे निपटाए। मौसम में ठंड बढ़ने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार तड़के लोग नींद से जागे तो उन्हें घना कोहरा और शीतलहर का सामना करना पड़ा। घना कोहरा इतना छाया हुआ था कि दृश्यता पांच फुट से भी कम थी। सड़कों पर वाहन चालकों को कुछ दिखाई नहीं दे रहा था और वह लाइटें जलाकर धीमी गति से चल रहे थे। खास बात यह रही कि जो गाड़ियां सड़कों पर तेजगति से सरपट दौड़ती हैं वह बड़ी धीमी गति से अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही थी। दोपहर के समय घना कोहरा कुछ कम हुआ। जिसके बाद लोगों ने घरों से बाहर निकलकर अपने काम धंधे निपटाए। वहीं, मंगलवार सुबह घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से बच्चे ठिठूरते हुए स्कूलों में पहुंचे। आलम यह रहा कि दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही।

### घना कोहरा में सावधानी से चलाएं वाहन

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि मौसम में बढ़ी ठंड और घना कोहरा छाए रहने को देखते हुए सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने घना कोहरा छाए रहने के कारण चालकों से अपने वाहन सावधानी पूर्वक चलाए जाने के लिए आहवान किया है।

### तापमान में आई गिरावट

मौसम में ठंड बढ़ने से मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे एक दिन पहले जिले का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहा।

## कार से 18 वर्षीय छात्रा का शव बरामद, युवक पानी में बहा, सर्च अभियान जारी

# एसवाईएल नहर में गिरी तेज रफ्तार कार, युवती की मौत, युवक लापता

***सुबह 11 बजे यह घटना घटी, जहां पर करनाल नंबर एक स्विफ्ट गाड़ी अचानक नहर में गिर गई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ज्योतिसर से गुजर रही एसवाईएल नहर में गिर गई। नहर के पास काम कर रहे मजदूरों ने इस घटना को देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोर प्रगट सिंह की टीम को मौके पर बुलाकर सर्च अभियान चलाया। करीब डेढ़ घंटे के सर्च अभियान के बाद गाड़ी को हाइड्रा की मदद से बाहर निकाला गया। कार में से एक युवती का शव बरामद हुआ है। युवक पिहोवा के गांव मुर्तजापुर का रहने वाला बताया जा रहा है, उनका परिवार फिलहाल पिहोवा की एक कॉलोनी में रह रहे थे। युवती भी उनकी ही कॉलोनी की ही बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे यह घटना घटी, जहां पर करनाल नंबर एक स्विफ्ट गाड़ी अचानक नहर में गिर गई। नहर पर ही काम करने वाले मजदूरों ने इस घटना को देखा। उन्होंने बताया कि कार में दो लोग सवार थे, जिसमें एक युवक और युवकी थी। सर्च अभियान के दौरान कार को नहर से बाहर निकाला गया। कार के अंदर से करीब 18 वर्षीय युवती का शव बरामद हुए है। मृतक युवती की पहचान आरुषि पुत्री हितेश निवासी शास्त्री कॉलोनी पिहोवा के रूप में हुई है। वही युवक की पहचान 22 वर्षीय वरुण सिंगला निवासी शास्त्री कॉलोनी पिहोवा, कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है।





**कुरुक्षेत्र।** नहर से कार को निकालते गोताखोर और नहर से कार को निकालते गोताखोर।

### लड़का चंडीगढ़ से कर रहा है बीबीए की पढ़ाई

थाना प्रभारी ने बताया कि जो युवक कार में सवार था उसकी पहचान 22 वर्षीय वरुण सिंगला निवासी गांव मुर्तजापुर पिहोवा कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है। हालांकि अभी युवक नहीं मिला है। युवक चंडीगढ़ से बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। फिलहाल वह पिछले दो महीने से घर पर ही रह रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लड़के का परिवार मौके पर पहुंच चुका है। लड़की के परिवार को भी सूचना दे दी गई है।

### युवक की तलाश को चलाया सर्च अभियान

गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि उनको सूचना मिली थी की कार नहर में गिरी है। कार को बाहर निकाल लिया गया है। युवती को मृत अवस्था में कार से बाहर निकाला गया है। युवक पानी में बहकर आगे निकल गया है जिसको ढूंढने के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### विवि में पढ़ाई कर रही थी मृतक छात्रा

ज्योतिसर चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस को नहर में कार गिरने की सूचना मिली थी। युवती के शव को गाड़ी के साथ बाहर निकाल लिया गया है। युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। मृतक युवती की पहचान आरुषि पुत्री हितेश, पिहोवा कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है, जो कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्रा थी।

### घर से कपड़े खरीदने के लिए गया था

मौके पर पहुंचे युवक के पिता छोटू लाल ने बताया कि उनका बेटा सुबह ही घर से शादी के लिए कपड़े खरीदने की बात कह कर निकाला था। उसके बाद पिछले एक घंटे से उसके साथ बात नहीं हो पा रही थी। अब पुलिस ने उन्हें घटना की सूचना दी है।

### ट्रक ने व्यक्ति को कुचला, मौत

**यमुनानगर।** शहर के बाईपास पर गांव औरंगाबाद के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को कुचल दिया। जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रायपुर निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है।

# कालरम में फंदे पर लटका मिला हलवाई का शव



***बच्चों के घर लौटने पर हुआ हादसे का खुलासा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

क्षेत्र के कालरम गांव में एक हलवाई की संदिग्ध हालात में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। व्यक्ति का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। घटना के समय वह घर पर अकेला था, जबकि पत्नी काम पर गई हुई थी और बच्चे स्कूल में थे। बच्चों के घर लौटने पर इस दर्दनाक घटना का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतक की पहचान जयपाल उर्फ काला हलवाई के रूप में हुई है। वह गांव में रहकर हलवाई का काम करता था और अपने घर के बाहर रेहड़ी लगाकर परिवार की आजीविका चलाता था। परिजनों के अनुसार रोज की तरह सुबह का समय सामान्य बीता था और किसी तरह के झगड़े या विवाद की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

मृतक की पत्नी आशा ने बताया कि वह सुबह अपने पति के साथ निकली थी। जयपाल ने उसे सेलर में काम पर छोड़ा और इसके बाद घर लौट आया। दंपती के तीन बच्चे हैं- एक बेटा और दो बेटियां-जो रोजाना की तरह स्कूल गए थे। करीब 11 बजे जब बेटी स्कूल से घर लौटी, तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने और कोशिश करने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला।

इसके बाद बेटी दीवार फांदकर घर के अंदर गई और बाहर का दरवाजा खोला। जब वह कमरे में पहुंची तो उसने अपने पिता को फंदे पर लटका देखा।

### पुलिस की जांच जारी

मृतक के भाई जयभगवान ने बताया कि उन्हें करीब 12 बजे फोन के जरिए घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद वह तुरंत घर पहुंचे। परिवार का कहना है कि जयपाल किसी गंभीर परेशानी में था, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं थी और फिलहाल आत्महत्या के पीछे की कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है। घटना की सूचना मिलते ही मधुबन थाना पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने साक्ष्य जुटाने के बाद शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस भेजा। जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का है और हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# नशीली गोलियों के नेटवर्क का पांचवां आरोपी काबू

- आरोपियों से 3.245 किलोग्राम ट्रामाडोल कैप्सूल बरामदसाथ ही 2.645 किलोग्राम लोमोटिल नशीली गोलियां भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशीली गोलियों के मामले में पांचवें आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में आरोपी दलबीर सिंह उर्फ चाप्पा निवासी गांव जानेतपुर डेरा बसी, जिला अमृतसर (पंजाब) को अमृतसर से काबू किया गया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में पहले ही आरोपी के अन्य चार साथियों को 3.245 किलोग्राम ट्रामाडोल कैप्सूल व 2.645 किलोग्राम लोमोटिल नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनके विरुद्ध थाना घरौंडा में मुकदमा नंबर 48/2025, एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी जल्दी अमीर बनने और अधिक पैसा कमाने के लालच में अपने साथियों के साथ मिलकर नशीली दवाइयां सस्ते दामों में खरीदकर आगे बेचने का काम करता था। पुलिस रिमांड अवधि समाप्त होने के पश्चात आरोपी को पुनः न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है तथा अन्य संभावित लिंक की भी गहनता से जांच की जा रही है।



**करनाल।** पुलिस की गिरफ्त में पांचवा आरोपी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले, अब तक 45 हल्के कर चुके कवर, 10 को मुलाना पहुंचेगी यात्रा

# कांग्रेस की मजबूती के लिए प्रदेश में निकाल रहे सद्भावना यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह सद्भाव यात्रा के सिलसिले में रेस्ट हाउस पहुंचे। यहां पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद रेस्ट हाउस परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और सद्भाव यात्रा की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश की राजनीति को जानबूझकर धर्म, जाति और नफरत के आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही है। भाजपा की राजनीति केवल समाज को विभाजित करने तक सीमित रह गई है, जबकि कांग्रेस पार्टी की पहचान हमेशा से एकता, भाईचारे और सद्भाव की रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आज़ादी के आंदोलन से लेकर आज तक देश को जोड़ने का काम किया है। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को जोड़ने की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर सच्चाई, प्रेम और सौहार्द का संदेश दें।



**मुलाना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह का अभिनंदन करते कार्यकर्ता।

### आपसी भाईचारा मजबूत करना ही लक्ष्य

वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही वह कड़ी हैं, जो आम जनता तक पार्टी की विचारधारा और नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 10 और 11 फरवरी को मुलाना हल्का में कांग्रेस नेता बृजेन्द्र सिंह की सद्भाव यात्रा आयोजित की जाएगी। यह यात्रा पूरे हल्के में निकाली जाएगी और इसका मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह यात्रा किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज में बढ़ती कटुता को समाप्त करने और लोगों को जोड़ने व कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए है।

## की जा रही खजूर, सेब व ड्रेगन फ्रूट की प्राकृतिक खेती

# गुजरात के मंत्री ने गुरुकुल के फार्म का किया दौरा



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल के फार्म का दौरा करते गुजरात के किसान एवं कल्याण मंत्री।

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल के प्राकृतिक कृषि फार्म पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में हो रही प्राकृतिक खेती किसी अजूबे से कम नहीं है। हरियाणा की भूमि पर जहाँ ड्रेगन फ्रूट, खजूर, सेब और चने की फसलें आमतौर पर नहीं होती मगर गुरुकुल के फार्म पर यह करिश्मा प्राकृतिक खेती से सम्भव हो रहा है। उक्त शब्द गुजरात के कृषि एवं किसान कल्याण व पशुपालन मंत्री जीतूभाई वघानी ने गुरुकुल के फार्म का दौरा करने के उपरान्त पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आचार्य देवव्रत आधुनिक युग के कृषि-ऋषि हैं जिनके प्रयासों से आज देश भर में किसान लाखों की संख्या में जहरमुक्त प्राकृतिक खेती को अपनाकर देश को स्वस्थ और समृद्ध बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

## पानीपत से अमेरिका को होता है 12000 करोड़ के टेक्सटाइल उत्पादों का एक्सपोर्ट

# अमेरिकी टैरिफ कम होने से पानीपत टेक्सटाइल उद्योग को मिला नया जीवन

- अमेरिकी टैरिफ 18 प्रतिशत होने से पानीपत में तेजी से फलेफुलेगा टेक्सटाइल उद्योग
- चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, वियतनाम को पानीपत के एक्सपोर्टर देंगे कडी चुनौती

विकास चौधरी ▶▶| पानीपत

अमेरिका सरकार द्वारा भारत से निर्यात होने वाले उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैरिफ करने से पानीपत के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स में खुशी का माहौल है। स्मरणीय है कि रूस और ईरान क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल की



खरीद के चलते अमेरिका सरकार, भारत से नाराज हो गई थी। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ अपने अच्छे रिश्तों को किनारे करते हुए भारत से होने वाले एक्सपोर्ट पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था, इस पर 25 प्रतिशत पेनल्टी लगा दी थी, इसके चलते भारत से अमेरिका में निर्यात होने वाले माल पर वहां अमेरिकी सरकार ने कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था।

### बंदी की कगार पर पहुंच गया था टेक्सटाइल उद्योग

अमेरिका में टैरिफ के बढ़ने से पानीपत के उद्यमियों में जबरदस्त निराशा का भाव था। वहीं, पानीपत टेक्सटाइल उद्योग का कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो गया था। अधिकतर एक्सपोर्ट हाउस में कामकाज तीन से एक शिफ्ट में सिमट गया था। टेक्सटाइल का जॉब वर्क करने वाली फैक्ट्रियों में कामकाज लगभग बंद हो गया था।

### पानीपत से 20 हजार करोड का एक्सपोर्ट

पानीपत से दुनिया के अधिकर देशों में करीब 20 हजार करोड रूपये कीमत के टेक्सटाइल उत्पादों का निर्यात किया जाता है। वहीं, अमेरिका, पानीपत में बनने वाले टेक्सटाइल उत्पादों का सबसे बड़ा ग्राहक है। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि पानीपत से हर साल करीब 12000 करोड रुपए के टेक्सटाइल उत्पादों का निर्यात अकेले अमेरिका में होता है। वहीं, खास बात यह है कि अमेरिका के बॉयर, पानीपत के निर्यातकों को आयात किए गए सामान के बदले भुगतान देने में भी कोई आनाकानी नहीं करते।

### जर्मनी से भी खाली हाथ लौटे थे एक्सपोर्टर्स

गत वर्ष अप्रैल में अमेरिकी सरकार द्वारा भारत से एक्सपोर्ट होने वाले उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद पानीपत के टेक्सटाइल उद्यमियों व एक्सपोर्टस की रातों की नींद उड़ी हुई थी। वहीं जनवरी में जर्मनी के शहर फ्रैंकफर्ट में आयोजित इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर में में भी अमेरिकी बॉयर्स से पानीपत के एक्सपोर्टर्स को कोई खास रिस्पांस नहीं मिला था। जबकि पूर्व वर्षों में जर्मन टेक्सटाइल फेयर्स में अमेरिकी बॉयर्स से पानीपत के एक्सपोर्टर्स को अच्छा खास रिस्पांस मिलता रहा था।

### टेक्सटाइल उद्योग को मिला जीवन: गोयल

हैंडलूम एक्सपोर्टर प्रामोशन काउंसिल ऑफ इंडिया व पानीपत एक्सपोर्टर्स एसो. के चेयरमैन ललित गोयल व हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पानीपत चैप्टर के अध्यक्ष विनोद धमीजा ने बताया कि अमेरिकी सरकार के टैरिफ कम करने से पानीपत के टेक्सटाइल उद्योग को नया जीवन मिला है। अमेरिका के साथ पानीपत का सर्वाधिक कारोबार होता रहा है और भविष्य में इसके अच्छे लाभ एक्सपोर्टर्स के साथ-साथ टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हर उद्योग को मिलेंगे।

## खबर संक्षेप

### युवक ने 12 वर्षीय किशोरी के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने 12 वर्षीय किशोरी के साथ रास्ते में रोक कर छेड़छाड़ की। पुलिस ने किशोरी के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही पंकज उसकी 12 वर्षीय लड़की का पीछा कर उसे काफी परेशान कर रहा था। उसकी लड़की ने कई बार आरोपी की हरकतों को नजर अंदाज किया मगर इसके बाद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

### शिवरात्रि पर हुआ पिंगला भरथरी सांग का मंचन

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में आयोजित सांग उत्सव में मंगलवार को पिंगला भरथरी सांग का मंचन किया गया। सांगी सतपाल कश्यप और उनकी टीम ने प्रस्तुति के माध्यम से उज्जैन के प्रसिद्ध राजा विक्रमादित्य के भाई राजा भरथरी की कथा को जीवंत किया। प्रस्तुति में दिखाया गया कि राजा भरथरी ज्ञानी और योग्य शासक थे, लेकिन दो पत्नियां होने के बावजूद वे पिंगला नाम की अति सुंदर राजकुमारी पर मोहित हो गए और उसे तीसरी पत्नी बनाया। वे पिंगला के प्रेम में इतने डूब गए कि उसकी हर बात मानने लगे। पिंगला ने इसका गलत फायदा उठाया और घुड़साल के रखवाले से प्रेम करने लगी, लेकिन राजा उसके छल को समझ नहीं पाए।

### ट्रांसफर शेड्यूल जारी कर ड्राइव चलाने की मांग

**करनाल।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा ने शिक्षकों की ट्रांसफर में हो रही देरी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। समिति के अनुसार जब सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो ट्रांसफर शेड्यूल जारी क्यों नहीं किया जा रहा। यह बातें समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, राज्य प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल, राज्य सचिव पवन कुमार वर्मा और वरिष्ठ सदस्य भगवान दास कैथल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि हरियाणा में अध्यापकों की कमी नहीं है, लेकिन ट्रांसफर न होने से पूरा सिस्टम बिगड़ रहा है।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में ऐश्वर्या रही प्रथम

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की अंग्रेजी साहित्य सभा द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मानव,भाषा, शक्ति, समाज, पहचान और संस्कृति जैसे सामयिक विषयों पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। निबंधों का मूल्यांकन अनुभवी प्राध्यापकों डॉ. किरण दलाल, डॉ. मोना बत्रा और डॉ. सरोज नैन के पैनल द्वारा सूक्ष्मता और निष्पक्षता से किया गया। प्रतियोगिता में एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की ऐश्वर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा किरण दूसरे स्थान पर रही जबकि तमन्ना चहल एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### करनाल के राजेश ने राष्ट्रीय स्तर पर जीते दो स्वर्ण पदक

**करनाल।** करनाल के होनहार एथलीट एवं भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त राजेश खन्ना ने 7वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। 30 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक पटेल स्टेडियम, अजमेर में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 17 राज्यों से 1520 पुरुष व महिला एथलीटों ने भाग लिया। 50+ आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए राजेश खन्ना ने 400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर कुल दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। राजेश खन्ना के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते हरियाणा टीम ने ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब भी अपने नाम किया।

## मंत्री कंवरपाल ने औद्योगिक मल संशोधन संयंत्र का किया निरीक्षण

# सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से शहर की इंडस्ट्री को होगा लाभ : कंवरपाल

सीवरेज व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए गांव परवालो में 98 करोड़ की लागत से बन रहा औद्योगिक मल संसोधन संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने मंगलवार को गांव परवालों में 98 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे औद्योगिक मल संशोधन संयंत्र (इंडसट्रियल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने दावा जताया कि गांव परवालों में बना रहे इस इंडसट्रियल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के बनने से जगाधरी शहर की इंडस्ट्री को लाभ होगा। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी मौजूद रहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि इस इंटसट्रियल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से रोजाना करीब दो करोड़ लीटर पानी को साफ करके उपयोग में लाया जा सकता है। इंडसट्रियल वेस्ट वाटर को मोहन नगर नाले से 800 एमएम के डाया पाइप जिसकी लंबाई लगभग 6 हजार मीटर से ज्यादा है से इंडसट्रियल वेस्टेज को परवालों सयंत्र तक लाया जाएगा। इसके बाद इसके ट्रीटमेंट पानी को साफ किया जाएगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि इंडसट्रियल सीवेज ट्रीटमेंट बनने से प्रदूषण पर रोक लगेगी। जगाधरी शहर की औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट जल को संशोधित करके प्रदूषण को रोका जा सकेगा। शहर में फैक्ट्रियां ज्यादा होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस संयंत्र के बनने से शहरवासियों को काफी हद तक परेशानियों से निजात मिलेगी। औद्योगिक मल संशोधन संयंत्र बनने से औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को भी काफी राहत प्रदान होगी। मौके पर मैटल एसोसिएशन के प्रधान एपीएस भट्टी ,एक्सईएन सौरभ अहलावत,चेयरमैन विपुल गर्ग, एसडीओ पलविंदर सिंह,सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन अशोक मेहंदीरत्ता,मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा ,मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गांव परवालों में प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान जानकारी देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

### सितंबर 2026 तक तैयार होगा प्रोजेक्ट

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपल ने बताया कि जगाधरी नगर बहुत पुराना औद्योगिक शहर है। यहां हजारों की संख्या में छोटी बड़ी बहुत सी फैक्ट्रियां लगी हुई हैं। इन फैक्ट्रीयों के माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि वह पिछले कार्यकाल में जब वह भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री के पद पर थे तब उन्होंने यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के माध्यम से मंजूर करवाया था। इस प्रोजेक्ट की जगाधरी शहर के उधोगपति इंडस्ट्रियलिस्ट काफी वर्षों से मांग कर रहे थे। जिसे उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह के साथ बैठकर जोरदार पैरवी कर मंजूर करवाया था। यह प्रोजेक्ट बनकर सितंबर 2026 तक पूर्ण हो जाएगा। इससे शहरवासियों को काफी राहत प्रदान होगी।

# आठवें वेतन आयोग के गठन से वेतन विसंगतियों को दूर करे सरकार: सौदे

■ रोडवेज वर्कर्स यूनियन के सदस्यों ने गेट मीटिंग कर वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) के आहवान पर मंगलवार को बस डिपो यमुनानगर के रोड़वेज कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर सरकार से आठवें वेतन आयोग का गठन कर वेतन विसंगतियों को दूर किए जाने की मांग की। गेट मीटिंग की अध्यक्षता डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने की।

डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने कहा कि सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग का गठन करके वेतन विसंगतियों को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूनियन द्वारा सरकार से समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली व सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व खाली पड़े पदों पर भर्ती किए जाने समेत अन्य लंबित पड़ी मांगो के बारे में सरकार से उन्हें पूरा करने की मांग की गई। इसके अलावा विभाग के कर्मचारियों की बनाई गई तबादला नीति खामियों पर यूनियन लिखित आपत्ति जताते हुए तबादला निती रद्द करने की मांग कर चुकी है। मगर सरकार द्वारा अभी तक उनकी मांगो को पूरा नहीं किया गया है। मौके पर डिपो सचिव राजेश कांबोज ने सरकार से चालकों व परिचालकों का आपसी सहमति से स्थानांतरण किए जाने और रोड़वेज कर्मचारियों को उनके गृह जिले में स्थानांतरित किए जाने की मांग की। यूनियन के राज्यस्तरी नेता सुशील , रमेश, श्योकंद व चंद्रभान ने सरकार से खाली पदों पर प्रमोशन किए जाने , चालकों, लिपिकों व परिचालकों का ग्रेड बढाने, चालकों व परिचालकों का एक माह के रात्रि ठहराव का भुगतान किए जाने समेत अन्य मांगो को जल्द पूरा किए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने रोड़वेज कर्मचारी नेताओं ने 12 फरवरी को रामलील मैदान में आयोजित होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सभी कर्मचारियों को बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की।




**यमुनानगर।** बस डिपो के समक्ष गेट मीटिंग करते हुए रोड़वेज कर्मचारी।

## जागरूकता के आभाव में कैंसर से पीड़ित हो जाते हैं लोग : मेहता

**यमुनानगर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रादौर क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों इंडियान पब्लिक स्कूल, गीता स्कूल चमरोडी, महाराजा अग्रसेन स्कूल गुमथला, डीएवी स्कूल रादौर, भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल कण्डरौली में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को कैंसर से बचाव के उपाय भी बताए गए। इंडियन पब्लिक स्कूल के चेयरमैन ईश मेहता ने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है। जिससे प्रत्येक वर्ष अनेक लोगों की मृत्यु होती है। ज्यादातर लोग इस बीमारी के लक्षणों तथा कारणों से परिचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरा संसार इस बीमारी के खिलाफ लडने के लिए एकजुट है। इस दिन को मनाने का प्रारंभ 1933 में जेनेवा में हुआ। इससे कैंसर के खिलाफ लड रही तथा कार्य कर रही अनेक संगठनों संस्थाओं ने सहयोग दिया। कैंसर के संबंध में अपनी रिपोर्ट में उन्होंने स्पष्ट किया कि 1207 मिलियन व्यक्ति इससे ग्रसित पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 7 मिलियन पूरे विश्व में प्रत्येक वर्ष इससे मरते हैं। इसके साथ साथ उनके द्वारा इसके लक्षणों की पहचान भी बताई गई हैं। तंबाकू का अधिक सेवनए वजन का अधिक बढ़नाए सब्जियां व फल कम खाना, शारीरिक श्रम न करने के कारण भी कैंसर हो सकता हैं। विश्व कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी से संपूर्ण रूप से अवगत कराना है। कुछ उपायों द्वारा इस बीमारी को रोकना है। पूरे संसार में यह दिवस कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# सिविल अस्पताल में सोलर वाटर टैंक फटने से हुआ जोरदार धमाका

■ खिड़कियों का कांच हुआ चकनाचूर, छज्जे का भारी पिल्लर टूटकर नीचे खड़ी सरकारी गाड़ी पर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर सिविल अस्पताल में बीती रात छत पर रखा सोलर वाटर टैंक फटने से जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि अस्पताल की तीसरी मंजिल की खिड़कियों का कांच टूट कर बिखर गया। इसके साथ की छज्जे का भारी पिल्लर टूटकर नीचे खड़ी सरकारी गाड़ी पर गिर गया। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय घटनास्थल पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सिविल अस्पताल में स्थित सीएमओ कार्यालय की बिल्डिंग में देर रात जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग की तीसरी मंजिल की खिड़की का कांच चकनाचूर हो गया और छज्जे से एक भारी पिल्लर टूटकर नीचे खड़ी सरकारी गाड़ी पर जा गिरा। मौके पर देखा गया कि नीचे मलबा बिखरा पड़ा था। जांच में पता चला कि सीएमओ कार्यालय की बिल्डिंग की छत पर सोलर वाटर टैंक रखे हुए थे। टैंक फटने से यह धमाका हुआ है। सीएमओ डॉ. जितेंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थित का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी को सूचित कर दिया गया है।



यमुनानगर। सोलर वाटर टैंक फटने से सरकारी गाड़ी के ऊपर गिरा पिल्लर।




**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों को आर्थिक नीतियों से करवाया अवगत

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में मंगलवार को वाणिज्य विभाग की ओर से केंद्रीय बजट 2026 पर आधारित समूह चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा. माला शर्मा ने की। प्राचार्या डा. माला शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान आर्थिक नीतियों से जोडना, उनके विश्लेषणात्मक व संवाद कौशल को विकसित करना था। विद्यार्थियों ने कर प्रणाली, रोजगार, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था व वित्तीय समावेश जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज की प्राचार्य डॉ माला शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ते हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो पूजा वर्मा ने कहा कि बजट की समझ बीकॉम के विद्यार्थियों के लिए बहुत जरूरी है। इस तरह की चर्चाएं उन्हें आत्मविश्वासी बनती है। उन्होंने बताया कि बजट 2026 भारत को आत्मनिर्भर, डिजिटल व समावेशी अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला एक दूरदर्शी बजट है।

### कार्यशाला के दूसरे दिन कटिंग व स्टिचिंग की दी जानकारी

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में चल रही आठ दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन कटिंग व स्टिचिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह आयोजन प्राचार्य डा. एसके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य एसके सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्राओं को अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिलती है। ऐसे कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों में रुचिपूर्वक भाग लेकर अपना सर्वांगीण विकास करना चाहिए। रिसोर्स पर्सन अनिका कंबोज ने छात्राओं को कटिंग व स्टिचिंग की विविध तकनीक बारे प्रशिक्षित किया। संयोजक सहायक प्रो. ममता रानी ने कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके कौशल को विकसित करना बताया है।



**रादौर।** सरकारी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ।

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को पेटेंट एवं डिजाइन फाइलिंग पर किया जागरूक

■ बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी(नाचरौन) यमुनानगर के तत्वावधान में राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपता प्रबंधन संस्थान नागपुर के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार एवं पेटेंट व डिजाइन फाइलिंग विषय पर आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने की। मुख्य वक्ता कुमार राजू ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की मूल अवधारणा, विभिन्न प्रकार की बौद्धिक संपदा तथा पेटेंट एवं डिजाइन फाइलिंग की जानकारी दी। उन्होंने पेटेंट एवं डिजाइन आवेदन के लिए आवश्यक न्यूनतम दस्तावेजों, अनिवार्य वैधानिक प्रक्रियाओं, निर्धारित सरकारी शुल्क तथा पेटेंट परीक्षण एवं स्वीकृति से संबंधित समय सीमा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार अनुसंधान राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**यमुनानगर।** आनलाइन कार्यशाला में भाग लेते हुए विद्यार्थी व शिक्षक।



### बजट से प्रदेश की समृद्धि को नई उड़ान : सतपाल

**रादौर।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किया गया बजट शानदार रहा। बजट से अर्थव्यवस्था को बहुत ज्यादा मजबूती मिलेगी व रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। यह शब्द कुरूक्षेत्र गुरूकुल के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने कहे। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्सव, युवाओं की उड़ान केंद्रीय बजट से प्रदेश की नई समृद्धि का आगाज हो रहा है। सेमी कंडक्टर से लेकर बायोफार्मा तक प्रदेश को टेक्नोलॉजी हब बनाने का बजट है।

# भव्य रूप से किया जा रहा शहर के पार्कों का नवीनीकरण : मेयर

■ मेयर ने शहर के भगवान परशुराम पार्क का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को भगवान परशुराम पार्क में चल रहे नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पार्कों के नवीनीकरण कार्य में उच्च गुणवत्ता पूर्वक सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए। मौके पर उनके साथ मार्किट कमेटी के चेयरमैन राकेश त्यागी, नगर निगम के सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, पार्षद रुचि कांबोज, कनिष्ट अभियंता अभिषेक शर्मा मौजूद रहे। मेयर सुमन बहमनी सबसे पहले भगवान परशुराम पार्क में पहुंची। इस दौरान उन्होंने पार्क के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा भगवान परशुराम पार्क का नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य 12.51 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। शहर के पार्क नागरिकों के लिए स्वच्छए सुरक्षित और सुंदर वातावरण प्रदान करते हैं। ऐसे में पार्कों का विकास नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है।



**यमुनानगर।** भगवान परशुराम पार्क का निरीक्षण करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

# प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए लोगों को किया जागरुक

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा एनसीसी कैडेट्स के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन के तहत वार्ड नंबर 15 में जागरुकता रैली निकालकर लोगों को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए जागरुक किया। रैली में मुकंद लाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। रैली नगर निगम यमुनानगर कार्यालय से शुरु होकर विभिन्न स्थानों से होती हुई अंत में ओपी जिंदल पार्क में जाकर संपन्न हुई। करीब एक किलोमीटर लंबी इस जागरुकता रैली में एनसीसी कैडेट्स व निगम के कर्मचारी पैदल मार्च करते हुए ओपी जिंदल पार्क में पहुंचे। इस दौरान एनसीसी कैडेटस ने पूरे मार्ग में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए आहवान किया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेशों से लिखी तख्तियां लेकर नारे लगाकर नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया।



## बच्चों में परिवार और माता-पिता से आते है अच्छे संस्कार

# बच्चों को संस्कारवान बनाना बेहद जरुरी: भाटिया

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य महिला आयोग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक जागरूकता एवं पारिवारिक उत्तरदायित्व विषय पर जगाधरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके व सरस्वती वंदना करके किया गया। मुख्यातिथि एवं आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने कहा कि बदलते परिवेश और इस समय में पति पत्नी में आपसी विवाद के कारण परिवार बिखर रहे हैं। हमें आपसी बातचीत के माध्यम से अपने परिवार को बिखरने से बचाना होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्षा प्रीति जौहर, महिला थाना प्रभारी शीलावंती, रजनी गुप्ता व अधिवक्ता विरेन्द्र पाल संधू,सुनील कुमार, डीएसपी जगाधरी राजीव मिगलानी मौजूद थे।




**यमुनानगर।** कार्यक्रम में संबोधित करते हुए वक्ता और भाग लेते हुए अधिकारी।

### परिवार के साथ मिलकर करना होगा काम

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि हमें आगे बढ़ने के लिए परिवार के साथ मिलकर काम करना होगा। हमें एक दूसरे के विचारों को समझना और सम्मान करना होगा। तभी हमारे रिश्ते बिखरने से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम 21वीं सदी में आ गए हैं। इसलिए हमें अपनी सोच व व्यवहार में परिवर्तन करने की जरूरत है। वहीं, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि समाज में आज वैवाहिक मतभेद लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आपसी सहमति से ही हम अधिकांश विवादों का निपटारा आसानी से कर सकते हैं। हमें किसी विवाद को सुलझाने में अपनी गलती को स्वीकार करना होगा । जब हम अपनी गलती को स्वीकार करेगें तो अवश्य विवाद समाप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### बजट में मजदूरों के हितों की अनदेखी : सुदेश

**कुरुक्षेत्र।** जनसंघर्ष मंच हरियाणा की प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी ने केंद्रीय बजट 2026-27 को देश के मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्रों, बेरोजगार युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट सबसे पहले ग्रामीण मजदूरों और बेरोजगार युवाओं के हितों की उपेक्षा करता है और रोजगार के सवाल पर पूरी तरह मौन है और पूरी तरह कारपोरेटपरस्त है। देश के युवाओं बेरोजगारों को रोजगार या बेरोजगारी भत्ता देने तक का बजट में कोई प्रबंध नहीं किया गया है जबकि वित्त मंत्री ने इसे युवा शक्ति ड्रिवन बजट कहा जो एक खोखला नारा है।

### एआई को लेकर संवाद सत्र आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य विभाग (आई.आई.एच.एस.) नवीन जिंदल फाउंडेशन, निमाया एवं पैप्सिको के संयुक्त तत्वाधान से बिकम ए जेन ए.आई. रेडी नारी विषय पर एक दिवसीय संवाद सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ करते हुए आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा दलाल ने कहा कि आज की नारी जो टेक्नोलॉजी से डरती नहीं, उसे अपने करियर, बिजनेस और रोजमर्रा की जिंदगी में स्मार्ट तरीके से इस्तेमाल करती है।

## गुर्जर धर्मशाला के स्थापना समारोह में पहुंचे खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री

# शिक्षा से ही समाज, प्रदेश व देश का नाम होता है रोशन : राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गुर्जर समाज के लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाने पर ध्यान दें। शिक्षा ही एकमात्र ऐसा जरिया है जिसके माध्यम से समाज, प्रदेश व देश का नाम रोशन होता है। शिक्षित व्यक्ति समाज को ऊपर तक लेकर जाने में अहम भूमिका निभाता है। हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग राज्यमंत्री राजेश नागर मंगलवार को गुर्जर धर्मशाला के 44 वें स्थापना समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। राज्यमंत्री राजेश नागर ने धर्मशाला को अपने निजी कोष से 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही समाज के किसी भी कार्य के लिए हर समय सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि समाज के लोगों की धर्मशाला के साथ लगती रेलवे की भूमि, कोचिंग सेंटर के लिए सेक्टर में प्लाट की मांग को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने रखकर पूरा करवाया जाएगा। हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने कहा कि कुरुक्षेत्र प्रदेश की सीएम सिटी है। यहां पर होने वाले किसी भी कार्य के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मना नहीं करते। गुर्जर समाज द्वारा रखी गई इन मांगों को भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की गुर्जर धर्मशाला सबसे बड़ी धर्मशाला है। जो अन्य धर्मशालाओं में समाज के लोगों के लिए प्रेरणा का काम कर रही है। आज तक इस धर्मशाला में कभी भी चुनाव नहीं हुआ है।



**कुरुक्षेत्र।** मंचासीन हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

### धर्मशालाएं सरकार व प्रशासन का उम्मीदों से भी बढ़कर सहयोग करती

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि वर्ष 1983 में गुर्जर धर्मशाला के रूप में लगा पौधा अब वट वृक्ष बन चुका है। इस धर्मशाला में हमारे बुजुर्गों ने अपने संस्कार और प्यार को एक-एक ईंट में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि शहर में जब भी कोई काम होता है तब सबसे पहले धर्मशालाओं को याद किया जाता है और धर्मशालाएं सरकार व प्रशासन का उम्मीदों से भी बढ़कर सहयोग करती हैं। इस धर्मशाला की सभी मांगों को राज्यमंत्री राजेश नागर के साथ मिलकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रधान अनंत राम, चेयरमैन राजपाल तंवर, ब्लॉक समिति पिहोवा चेयरपर्सन पिंकी देवी, एडवोकेट ज्ञानचंद कसाना, नरेश आर्य, ओमप्रकाश राठी, प्रेमचंद गांगल, अजमेर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### अपील- मरणोपरांत शोक को 13 की जगह 7 दिनों तक मनाएं

हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि मरणोपरांत शोक को 13 दिनों तक मनाया जाता है, जो उस समय की प्रथा जब सगे संबंधियों, रिश्तेदारों के पास संपर्क करने के लिए फोन व अन्य फास्ट सुविधा नहीं होती थी। सभी जानकार 13 दिनों के अंदर पहुंचकर शोक व्यक्त करते थे। आज दिन के दिन ही सूचना सभी तक पहुंच जाती है। ऐसे में इस शोक अवधि को 7 दिनों तक किया जाना चाहिए। कई समाज के लोग तो 3-4 दिन तक सीमित रखते हैं। उन्होंने कहा कि भले ही इस परिवारजन 13 दिनों तक अपनी रस्मों को निभाते रहें। गुर्जर धर्मशाला के प्रधान ऋषिपाल कसाना ने कहा कि धर्मशाला में अब तक सभी प्रधानों ने समाज के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए कार्य किया है। धर्मशाला में युवाओं के लिए छात्रावास तैयार किया है। इसके अलावा कंप्यूटराइज लाइब्रेरी बनाई हुई है। धर्मशाला में रहने व खाने की पूरी व्यवस्था है। उन्होंने समाज के लोगों द्वारा लगातार किए जा रहे सहयोग से सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय प्रधान अनंत राम ने भी संबोधित किया। गुर्जर नेता राव सुरेंद्र सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धर्मशाला गुर्जर समाज की सबसे बड़ी धर्मशाला है। धर्मशाला का नाम राष्ट्रीय गुर्जर धर्मशाला रखा जाना चाहिए। इस बात पर समारोह में मौजूद सभी लोगों ने सहमति जताई।

# हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व में नाम चमकाया: बेदी

### खो-खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से किया परिचय


**कुरुक्षेत्र।** मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने खेलों में पदक जीतकर विश्व भर में प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों ने देश में अपनी एक अलग पहचान बना ली है और आने वाले ओलम्पिक जैसे अंतरराष्ट्रीय और राष्टीय प्रतियोगिताओं में फिर से मैडल जीतकर हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मंगलवार को थीम पार्क में हरियाणा खो-खो एसोसिऐशन की तरफ से आयोजित 35वीं राष्ट्रीय सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा, खो-खो एसोसिऐशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, प्रधान संदीप, सचिव विनोद, खेल विभाग की उपनिदेशिका सुनीता खत्री ने खिलाड़ियों से परिचय कर मैच का आरंभ करवाया।

### 11 लाख की अनुदान राशि देने की घोषणा

इस दौरान खो-खो एसोसिऐशन के अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कैबिनटे मंत्री कृष्ण कुमार बेदी व भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने एसोसिऐशन को 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में जहां हर क्षेत्र में 3 गुणा तेज गति के साथ विकास हो रहा है, वहीं प्रदेश सरकार की तरफ से खिलाड़ियों को भी उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इस मौके पर खो-खो फैडरेशन आफ इंडिया के सचिव उपकार सिंह विर्क, खेल विभाग की डिप्टी डायरैक्टर सुनीता खत्री,अध्यक्ष नीलकंठ, डीएसओ मनोज कुमार, खो-खो एसोसिऐशन के महासचिव महेन्द्र काम्बोज, कोषाध्यक्ष गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष वृषभान, खो-खो की भारतीय कोच मुन्नी जून आदि रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे

जिले में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने की। इस अवसर पर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी के साथ साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाए गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, मजदूर, किसान परिवारों और बेरोजगार लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा सहारा है। थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि गांव से पलायन रोकने और मजदूरों को काम का अधिकार देने के लिए राहुल गांधी की पहल पर यूपीए सरकार यह कानून लेकर आई थी लेकिन मोदी सरकार को गांव के लोग नहीं बल्कि अडानी अंबानी चाहिए। उअब जो नया एक्ट बना है उसमें 40% हिस्सेदारी राज्य सरकारों की होगी राज्य सरकार पहले ही आर्थिक बोझ के तले दबी हुई है ऐसे में वह किस प्रकार सहयोग दे सकती हैं। कांग्रेस पदाधिकारी उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने उनके कार्यालय पहुंचे, लेकिन उपायुक्त मौके पर नहीं आए।



# गुगा पीर निर्माण कमेटी की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार

**पिहोवा।** गुगा पीर निर्माण कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सोमवार को विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में एक बैठक का आयोजन संरक्षक अशोक कुश की अध्यक्षता में किया गया।



गुगा पीर की पूजा-अर्चना और आशीर्वाद के साथ बैठक की शुरूआत हुई। इसके पश्चात नवचयनित प्रधान जय भगवान शर्मा, उपप्रधान जीवन कुमार सिंगला, सचिव गौरव कुमार व कोषाध्यक्ष जितेंद्र बंसल (टोमी) सहित अन्य पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित प्रधान जय भगवान शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य गुगा पीर स्थल के निर्माण कार्य को गति देना, पारदर्शिता बनाए रखना और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है। उप प्रधान जीवन सिंगला ने बताया कि मंदिर के मुख्य द्वार एवं परिसर में विभिन्न प्रतिमाओं को स्थापित करने की प्रक्रिया को शीघ्र अमल में लाया जाएगा। इस मौके पर हन्नु चक्रपाणि, राकेश, वेद प्रकाश भारद्वाज, भागा राम सैनी, सोहन लाल सैनी, नराता राम सैनी सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### नवयुग स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 में कक्षा स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एवं सत्र 2025-26 के दौरान करवाई गई विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ चितरंजन दयाल सिंह कौशल, निदेशक, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत नन्ही छात्राओं ने तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर के किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, कोऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका रिहाना, कल्पना ,मधु, पूनम, आशा, अंजलि, मोनिका, गीता, स्वाति, कोमल आदि रहे।



## विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की दी जानकारी

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एव मार्गदर्शन केंद्र द्वारा केयू इतिहास विभाग में विद्यार्थियों को यूपीएससी, केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों में नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन, केन्द्रीय स्टाफ सेलेक्शन कमीशन तथा हरियाणा स्टाफ सेलेक्शनी कमीशन सहित एचटेट आदि परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रदीप चोपड़ा, मंडल रोजगार अधिकारी तथा राजेश कुमार, करियर काउंसलर द्वारा प्रार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के बारे में प्रोत्साहित किया।

## डीएवी कॉलेज में नवीन जिंदल फाउंडेशन ने कराया डी-एडिक्शन जागरूकता कार्यक्रम

**पिहोवा।** समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से डीएवी कॉलेज में डी-एडिक्शन जागरुकता कार्यक्रम कराया गया। यह कार्यक्रम लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम नशामुक्त कुरुक्षेत्र अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जोकि सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में चल रहे कुरुक्षेत्र सशक्तिकरण कार्यक्रम का अहम हिस्सा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सकारात्मक और उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. सुमन बाला ने कहा कि नशा समाज के लिए बड़ा अभिशाप है। खेल, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच नशे से दूर रहने के सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर स्वस्थ जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों की एक सशक्त पैनल टीम भी उपस्थित रही, जिसमें सिविल अस्पताल से काउंसलर सोनू कटारिया एवं डॉ. प्रियंका, डॉ. सरोज बाला काउंसलरों ने नशे के मानसिक एवं शारीरिक प्रभावों, इसके शुरूआती संकेतों तथा समय रहते सहायता लेने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से अनुष्का बोस और अखिल मेनन ने नशे से जुड़े प्रावधानों और इसके सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सजग रहने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रो. अभिषेक, प्रो. सुखबीर व प्रो. इकबाल आदि मौजूद रहे।

# नन्हे विद्यार्थियों की रचनात्मकता ने जीता दिल

### किड्जी स्कूल कल्याण नगर में गैलरी वॉक का अनोखा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किड्जी स्कूल कल्याण नगर में कक्षा प्ले-वे से सीनियर केजी तक के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा आयोजित गैलरी वॉक कार्यक्रम उत्साह, रचनात्मकता और सीखने के रंगों से सराबोर रहा। इस विशेष आयोजन में बच्चों के विचारों, कल्पनाओं और पाठ्यक्रम आधारित शिक्षण गतिविधियों से तैयार की गई आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने अभिभावकों का मन मोह लिया। गैलरी वॉक के दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ विभिन्न शिक्षण कोनों का भ्रमण किया और देखा कि किस तरह खेल-खेल में, रोचक शिक्षण सामग्री, मॉडल, चार्ट और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा दिया जाता है। बच्चों की कलाकृतियों और प्रोजेक्ट्स ने उनकी सीखने की प्रक्रिया और आत्मविश्वास को बखूबी दशार्या। प्रिंसिपल एकजोत कौर और सेंटर कॉर्डिनेटर दिव्या शर्मा ने प्रत्येक गतिविधि और शिक्षण पद्धति की विस्तार से जानकारी दी, जिससे अभिभावकों को विद्यालय की सजग, आधुनिक और बाल-केंद्रित शिक्षा प्रणाली को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम को अभिभावकों ने खूब सराहा और इसे अनुभवात्मक एवं आनंदमय शिक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। इस दौरान अध्यापिकाएं तनु शर्मा, सबीना राणा, नीरज शर्मा, शीतल चोपड़ा, शिवानी शर्मा, गीता गर्ग, कविता, पूजा, मीनाक्षी, रीना, शालू और मोनिका मौजूद रहीं।





## पटवारियों का धरना प्रदर्शन जारी

**कुरुक्षेत्र।** दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले पटवारियों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। जिले भर के पटवारी पटवान भवन के समक्ष धरने पर बैठे। यह आंदोलन तीन दिन का घोषित किया गया है, जो 4 फरवरी तक चलेगा। धरने के कारण राजस्व विभाग से जुड़े कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान डा. साहब सिंह सैनी का कहना है कि सरकार ने बिना उचित जांच के उनके साथ अन्याय किया है। उनका आरोप है कि बाढ़ जैसे आपात हालात में उन्होंने जान जोखिम में डालकर गिरदावरी का काम किया, लेकिन बाद में उन्हें ही दोषी ठहरा दिया गया। धरने पर बैठे पटवारियों ने सरकार से तुरंत निलंबन वापस लेने और सभी छह पटवारियों को बहाल करने की मांग की है। इस अवसर पर सचिव भूपिंद्र सिंह, व्रेद, विजय कुमार, राजपाल, विवेक, प्रदीप कुमार, सतबीर कौशिक, मोहित, विनित, सलिंद्र कुमार, राजेश कुमार व अनिल कुमार सहित कई पटवारी मौजूद रहे।



## पुलिस टीम ने गीता कन्या स्कूल में छात्राओं को किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस द्वारा छात्र/छात्राओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरुक किया जा रहा है। मंगलवार को सेफ सिटी टीम ने गीता कन्या उच्च माध्यमिक स्कूल कुरुक्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत सिपाही हरजीत और एसपीओ अनीता की टीम ने छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मंगलवार को सेफ सिटी की टीम गीता कन्या उच्च माध्यमिक स्कूल कुरुक्षेत्र में पहुंची और छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया किया। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए महिला सिपाही ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त कारवाई करेगी। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराधों पर रोक लग सके।

**कार्यक्रम** केयू आईटीटीआर में संगीत एवं नृत्य क्लब की ओर से हरियाणवी लोकगीत कार्यशाला का समापन

दो दिन चली कार्यशाला में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया

# लोकगीतों के डॉक्यूमेंटेशन से युवा जुड़ेंगे सांस्कृतिक परम्पराओं से : प्रो. पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोकगीतों की सांस्कृतिक परम्परा का इतिहास हजारों साल पुराना है। इस मौखिक इतिहास को लोकगीतों के डॉक्यूमेंटेशन के माध्यम से युवा सांस्कृतिक परम्पराओं से जोड़ा जाना चाहिए ताकि वर्तमान पीढ़ी अपने अतीत के सांस्कृतिक इतिहास से रू-ब-रू हो सके। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान व लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने केयू शिक्षक प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान में कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हरियाणवी लोकगीत को लेकर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लोकगीतों का इतिहास की शुरूआत वैदिक काल से होती है। इसके साथ ही महाराजा हर्षवर्धन के काल में भी गीत गाने की परम्परा रही है। हर्षचरित एवं बाणभट्ट की आत्मकथा के माध्यम से प्रमाण मिलते हैं कि हर्षवर्धन की बहन राज्यश्री के विवाह में बारातियों का स्वागत राजधानी थानेसर में सातवीं सदी में गीत गाकर किया गया था। यह लोकगीत हमारी सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारी धरोहर है, यह हमारा इतिहास है। इन गीतों में सभी संस्कार विद्यमान है। गीतों के माध्यम से ही सामाजिक एवं नैतिक मूल्य निर्धारित होते रहे हैं। इतना ही नहीं हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं को आगे बढ़ाने में लोकगीतों का महत्वपूर्ण योगदान है। इन लोकगीतों में रूपातंरणता, संवदेनशीलता, काव्यात्मकता, आंचलिक भाषा, मन की अभिव्यक्ति, समाज शास्त्र, हास-परिहास, शिक्षा, परम्परा, चुनौतियां, सांस्कृतिक मूल्य सभी कुछ देखने को मिलते हैं।



**कुरुक्षेत्र।** कलाकारों को सम्मानित करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो . महासिंह पूनिया।

### लोक परम्परा को बचाना उद्देश्य

डॉ. महासिंह पूनिया ने कहा कि लोकगीतों का उद्देश्य हमारी लोक परम्परा को बचाना है, मनोरंजनात्मकता के साथ-साथ लोकगीतों के समाज में रहने वाले लोगों में विशेषकर महिलाओं पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी पड़ता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आईआईएचएस के डॉ. वीर विकास के निर्देशन में लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी। आईटीटीआर की प्राचार्या प्रो. अनिता दुआ ने कहा कि हरियाणा का लोक संगीत यहां की सांस्कृतिक पहचान है जिसके कारण प्राचीन परम्पराएं आज भी जीवंत है। दो दिन तक चली हरियाणवी लोकगीत कार्यशाला में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर लोकगीतों का प्रस्तुतिकरण एवं नृत्य गीतों की अभिव्यक्ति मंच के माध्यम से प्रस्तुत की गई। कार्यशाला का उद्देश्य युवा पीढ़ी को लोकगीतों के माध्यम से सांस्कृतिक परम्पराओं से जोड़ना रहा। यह कार्यशाला युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा स्थापित संगीत एवं नृत्य क्लब के तत्वावधान में आयोजित की गई। इस मौके पर संगीत एवं नृत्य क्लब की इंचार्ज डॉ. रोहिणी व रीना यादव सहित डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. अंग्रेज सिंह, दिविज गुगनानी, डॉ. ममता चावला, डॉ. रीटा सैनी, डॉ. मनप्रीत कौर, पूजा सैनी, कंवलप्रीत कौर, प्रतिभागी विद्यार्थी तथा गैर-शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मधुर भजनों से भक्तों को किया भाव विभोर

**लाडवा।** लाडवा शिव प्रभातफेरी में शामिल सभी श्रद्धालु महावीर कॉलोनी में गीता आनंद प्रधान खेड़ा मंदिर के निवास स्थान पर पहुँचे और वहाँ पर सभी संगत ने प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री राम हनुमान रामलीला समिति के सदस्यों ने मधुर भजनों से आई हुई संगत को भाव विभोर कर दिया और नाच गाकर प्रभु भक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर समिति की ओर से अनिल आनंद लिटल परिवार को एक समृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

### हड़ताल को लेकर मजदूरों किसानों ने खोला मोर्चा

**जींद।** आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर जुलाना क्षेत्र में मजदूरों और किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। सीटू के नेतृत्व में पौली गांव से शुरू हुआ मजदूरों का पैदल जत्था आज लजवाना कलां, फतेहगढ़, लजवाना खुर्द और नंदगढ़ होते करसोला पहुंचा। इन गांवों में आयोजित जनसभाओं में निर्माण मजदूरों, मनरेगा श्रमिकों, आशा वर्करों, मिड डे मील वर्करों और किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सरकार की नीतियों के खिलाफ कड़ा रोष प्रकट किया।

### अमृत सरोवर योजना सरकार की अच्छी पहल

**जींद।** ग्राम पंचायत आलन जोगी खेड़ा और रिटोली में चल रहे तालाब खुदाई के कार्य खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार ने निरीक्षण किया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार ने सभी मनरेगा मजदूरों को बताया कि जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर सरकार की एक अच्छी पहल है।

### बिठमड़ा से आज विहार करेंगे अरूण चंद्र महाराज

**उचाना।** बिठमड़ा जैन स्थानक में विराजमान संघ प्रमुख आगम ज्ञाता अरूण चंद्र महाराज टोहाना की तरफ विहार करेंगे। प्रवचन में भारी भीड़ गुरू अरूण चंद्र महाराज के प्रवचन को सुनने पहुंची।

# उल्लास से उजियारा: बच्चों की पहल से निरक्षरता पर निर्णायक प्रहार

- खंड साहा में उल्लास सम्मान समारोह, सैकड़ों नवसाक्षरों को मिले प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साहा





अंबाला। साक्षर बने बुजुर्गों व 95 साल की महिला को सम्मानित करते डीईओ। फोटो : हरिभूमि

उल्लास कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली एवं प्रगतिशील बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करते हुए बलाना व नन्योला के पश्चात अब साहा में विशेष रूप से दो विद्यालयों—राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिलखनी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहटा—में उल्लास सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इन विद्यालयों ने उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है, जिसमें विद्यालयों के विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उल्लास कार्यक्रम के तहत विशेष योगदान देने वाले दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों, पढ़ाने वाले सभी वालंटियर विद्यार्थियों एवं सर्वे कार्य में लगे शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर बने लर्नर्स को परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आगामी मार्च माह में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के साथ-साथ उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत एफएलएनएटी परीक्षा में भी सभी पंजीकृत निरक्षरों को साक्षर बनाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग का संकल्प है कि अम्बाला जिले में कोई भी व्यक्ति निरक्षर न रहे और जिला पूर्ण रूप से साक्षर बने।उन्होंने सभी प्राचार्यों से आह्वान किया कि वे अपने स्टाफ के माध्यम से सर्वे कर अधिक से अधिक निरक्षरों का उल्लास ऐप पर पंजीकरण करवाएं तथा विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों या पढ़े-लिखे परिजनों को वालंटियर टीचर्स के रूप में टैग कर उनकी नियमित पढ़ाई और परीक्षा में सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने नवसाक्षरों और वालंटियर विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कालड़ा ने यह भी आश्वासन दिया कि आगामी मार्च माह तक शेष निरक्षरों को साक्षर बनाकर यदि इन गांवों को पूर्ण साक्षर घोषित किया जाता है तो वे पुनः स्वयं आकर सम्मानित करेंगे। सम्मान समारोह के पश्चात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिलखनी में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहटा में आयोजित समारोह में गांव के सरपंच नरेश कुमार तथा एसएमसी प्रधान रिंकु को विद्यालय की गतिविधियों में सराहनीय सहयोग हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उल्लास जिला नोडल अधिकारी एवं जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा भी उपस्थित रहे। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में अब तक 21,662 निरक्षर व्यक्तियों का उल्लास पोर्टल पर पंजीकरण किया जा चुका है, जिनमें से 16,548 ने एफएलएनएटी परीक्षा दी है और 15,686 व्यक्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर साक्षर बन चुके हैं। संकुल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिलखनी में 364 निरक्षर पंजीकृत किए गए, जिनमें से 232 साक्षर बन चुके हैं। यहां 22 वालंटियर विद्यार्थी और 11 सर्वेयर शिक्षक कार्यरत रहे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहटा में 286 निरक्षर पंजीकृत हुए, जिनमें से 203 साक्षर बन चुके हैं। यहां 16 वालंटियर विद्यार्थी एवं 16 सर्वेयर शिक्षक सक्रिय रहे। दोनों विद्यालयों की प्राचार्य रविंदर कौर एवं सुशील रानी ने जिला शिक्षा अधिकारी को विश्वास दिलाया कि वे बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम के साथ-साथ प्रत्येक पंजीकृत उल्लास लर्नर को विद्यार्थियों की मदद से साक्षर बनाने के लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगी।

- 21,662 निरक्षर व्यक्तियों का पोर्टल पर पंजीकरण

## राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेसियों का मनरेगा को लेकर डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

- योजना में बदलाव कर राष्ट्रपिता की विचारधारा को खत्म करने का आरोप
- मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि ग्रामीण गरीबों का कानूनी अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदर्शन के दौरान मौजूद कांग्रेसी नेता।



जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मनरेगा को लेकर डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए वीबी-ग्राम-जी (विकसित भारत—गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के विरोध में राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। विधायक निर्मल सिंह विधायक शैली चौधरी विधायक पूजा चौधरी ने जिला अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस अधिनियम को गरीब-विरोधी बताते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि ग्रामीण गरीबों का कानूनी अधिकार था। वीबी-ग्राम-जी अधिनियम के माध्यम से इस अधिकार को समाप्त कर दिया गया है और रोजगार को पूरी तरह केंद्र सरकार के विवेक पर छोड़ दिया गया है, जिससे ग्रामीण मजदूरों, किसानों और महिलाओं का भविष्य असुरक्षित हो गया है। अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि मनरेगा को समाप्त करना देश के गरीबों के साथ अन्याय है। महात्मा गांधी के नाम को हटाना न केवल ऐतिहासिक भूल है, बल्कि यह राष्ट्रपिता के विचारों का अपमान भी है। कांग्रेस इस फैसले के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

### अर्थव्यवस्था को गहरा झटका

नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी ने कहा कि सरकार 125 दिनों के रोजगार का दावा कर रही है, लेकिन खेती के मौसम में काम रोकने का प्रावधान इस दावे को खोखला साबित करता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और पलायन बढ़ेगा। मुलाना की विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया था। नया कानून महिलाओं के रोजगार के अवसरों को सीमित कर उन्हें फिर से हाशिए पर धकेल देगा। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) दुष्यंत चौहान, शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिम्पी और शहरी अध्यक्ष परविंदर सिंह परी के द्वारा की जिसमें दुष्यंत चौहान ने कहा कि प्रदेश के गांवों में मनरेगा लाखों परिवारों की जीवनरेखा रहा है। इसके समाप्त होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गहरा झटका लगेगा।

### ये रहे मौजूद

शहरी जिला अध्यक्ष पवन अग्रवाल और शहरी जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह परी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी कानून को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी और इसे वापस लेने तक आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि वीबी-ग्राम-जी अधिनियम को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जाए, रोजगार के दिन बढ़ाकर 200 दिन किए जाएं तथा मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से वेणु अग्रवाल, रोहित जैन ,वीरेंद्र सोमा,लक्ष्मी रानी,नरेश कुमार, पूर्व सदस्य मिथुन वर्मा,रजिंदर कौर ,नीरज शाहपुर,रोहित शर्मा विशु,मनीष राणा,अनिका शुक्ला,हरमिंदर सिंह हीरा पार्षद,राजविंदर कौर,प्रतीक चौधरी प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस,हरमन हैरी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस,कुलदीप सिंह गुल्लू,हरजीत बब्बल,नवीन गुप्ता,दीपक राणा,निखिल शर्मा,टोनी गुज्जर,आरके परवाना ,विजेंद्र सिंह, विनोद धीमन, पुनीत कवि,विशाल राणा भी मौजूद रहे।

## मोबाइल में एपीके फाइल इंस्टॉल करवाई

# रिटायर्ड फौजी को ठगों ने फंसाया जाल में, खाते से 3.71 लाख साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- विश्वास जीतने के लिए व्हाट्सएप पर अपडेट फाइल एपीके भेजी

अंबाला कैंट के आनंद नगर के रहने वाले रिटायर्ड फौजी से ठगों ने पंजाब नेशनल बैंक का अधिकारी बनकर 3.71 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। ठगों ने पीएनबी वन एप अपडेट कराने के बहाने मोबाइल में एक संदिग्ध एपीके फाइल इंस्टॉल करवाई व बैंक खातों को हैक कर लिया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने राजपाल की शिकायत पर कर्ज दर्ज कर जांच शुरू कर दी।पीड़ित राजपाल ने पुलिस को बताया कि 5 जनवरी को वह अपने मोबाइल पर पीएनबी वन एप अपडेट करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक नंबर मिला, जिस पर संपर्क करने पर ठगों ने खुद को बैंक का अधिकृत अधिकारी बताया। विश्वास जीतने के लिए ठगों ने उनके व्हाट्सएप पर एक अपडेट फाइल एपीके भेजी। जैसे ही राजपाल ने उसे डाउनलोड किया तो ठगों ने उनके फोन को हैक कर लिया।पीड़ित ने बताया कि ठगों ने पहले उनके सेविंग अकाउंट से 25 हजार रुपये दो बार व 73 हजार एक बार निकाले। बदमाशों ने उनके लोन अकाउंट से भी 3.21 लाख की अवैध ट्रांजेक्शन कर डाली। इस तरह से आरोपियों ने 3.71 लाख की ठगी की। पीड़ित राजपाल ने बताया कि खाते से पैसे निकलने का मैसेज आते ही तुरंत बैंक की हेल्पलाइन पर कॉल कर खाता फ्रीज करने को कहा लेकिन बैंक कर्मचारी द्वारा पूछताछ में ही समय लगा दिया गया। इस बीच आरोपी ने खाते से बड़ी रकम निकाल ली। उसके बाद शिकायत साइबर पोर्टल 1930 पर भी दर्ज कराई है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने एक अन्य आरोपी हाकम सिंह को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गांव फतेहगढ़ साहिब के गुरमीत सिंह ने 23 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 अगस्त 2023 से 20 दिसंबर 2023 के दौरान आरोपी हाकम सिंह तथा अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम (25 लाख 75 हजार रूपये हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## शाकाहारी विकल्प भी उपलब्ध

# पोपायज® का उत्तर भारत में विस्तार चंडीगढ़ में नए रेस्टोरेंट की शुरुआत

- पंजाब ट्राइसिटी में पाँचवां आउटलेट, केंद्रित रिटेल विस्तार रणनीति को करता है मजबूत



**पंचकूला।** लुइसियाना में जन्मा मशहूर फ्राइड चिकन ब्रांड पोपायज़® ने चंडीगढ़ के एलांते मॉल में अपना नया रेस्टोरेंट खोल दिया है। यह लॉन्च चंडीगढ़–मोहाली–पंचकूला ट्राइसिटी क्षेत्र में ब्रांड का पाँचवां रेस्टोरेंट है, जो उत्तर भारत के तेजी से बढ़ते बाजारों में पोपायज® की केंद्रित विस्तार रणनीति को और मजबूत करता है। यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय क्विक सर्विस रेस्टोरेंट (QSR) ब्रांड्स के लिए पहले से ही मजबूत मांग रखता है। चंडीगढ़ में हुआ यह लॉन्च भारत में पोपायज® के निरंतर विस्तार का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी उच्च फुटफॉल वाले प्रमुख लोकेशनों पर अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है। इस रोडमैप में पंजाब ट्राइसिटी एक प्राथमिक बाजार बना हुआ है, जहां उपभोक्ताओं की स्थिर मांग और मौजूदा रेस्टोरेंट्स का लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। नए एलांते मॉल आउटलेट पर ग्राहक पोपायज® के सिग्नेचर लुइसियाना-स्टाइल काजुन फ्लेवर्स और विश्व प्रसिद्ध क्रंची फ्राइड चिकन का अनुभव कर सकते हैं। मेन्यू में ब्रांड का आइकॉनिक चिकन सैंडविच, सिग्नेचर फ्राइड चिकन और इंटरनेशनल फ्लेवर्स वाला बोनलेस चिकन शामिल है। इसके साथ ही पॉपुलर हॉट एंड मैसी रेंज, फ्लेवर बर्स्ट बर्गर्स और भारतीय स्वाद को ध्यान में रखते तैयार किए गए शाकाहारी विकल्प भी उपलब्ध हैं। सभी चिकन को ताज़े कट्स से तैयार किया जाता है, 12 घंटे तक मेरिनेट किया जाता है और हाथ से बैटर व ब्रेड किया जाता है ताकि पोपायज़® का खास काजुन क्रंच मिल सके।गौरव पांडे, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं बिज़नेस हेड, पोपायज़ इंडिया ने कहा, “पंजाब हमारे लिए एक प्रमुख ग्रोथ मार्केट है, क्योंकि यहां लोग ग्लोबल ब्रांड्स को खुले दिल से अपनाते हैं और बोल्ड व इंडल्जेंट फ्लेवर्स को पसंद करते हैं। ट्राइसिटी क्षेत्र से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया हमारी रणनीति को सही साबित करती है।

### बैंकिंग क्षेत्र में तकनीक का उपयोग बढ़ रहा : कैलाश

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता एवं रोजगार केन्द्र की ओर प्रतिष्ठित बैंक आईसीआईसीआई द्वारा बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र में करियर हेतु विद्यार्थियों के लिए केयू प्रबन्धन अध्ययन संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहिंदर सिंह ने बैंक के अधिकारियों का स्वागत करते केन्द्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक कैलाश शर्मा, अभिषेक और मानव संसाधन मैनेजर ईशा ने आईसीआईसीआई बैंक के इतिहास, उद्देश्य, उपलब्धियों एवं विकास यात्रा के बारे में जानकारी साझा की। कैलाश शर्मा ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार और तकनीक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे युवाओं के लिए अनेक रोजगार अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

## योग के साथ साइकिलिंग के प्रति भी लगाव, संजय छात्रों को शिक्षा के साथ सिखा रहे योग

# योग से पहले शिक्षक ने बदली अपनी जिंदगी, अब लोगों को बना रहे सेहतमंद



योग करते शिक्षक संजय कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

भागदौड़ भरे जीवन में लोग छोटी बीमारियों के लिए भी दवाइयों पर निर्भर हो रहे हैं। ऐसे में शिक्षक संजय कुमार ने योग को अपनाकर जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। उनका जीवन इस बात का सशक्त उदाहरण है कि यदि व्यक्ति दृढ़ इच्छाशक्ति व नियमित अभ्यास के साथ योग को अपनाए, तो वह न केवल बीमारियों से मुक्त हो सकता है, बल्कि मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त बन सकता है। शिक्षक संजय कुमार वर्ष 2016 से योग से जुड़े हुए हैं। योग शुरू करने से पहले उनकी स्वास्थ्य स्थिति संतोषजनक नहीं थी। उन्हें सर्वाइकल की गंभीर समस्या थी, जिससे सर्दी और गर्मी दोनों मौसमों में परेशानी होती थी। शरीर भारी रहता था, पेट बढ़ा हुआ था और यूरिक एसिड भी बढ़ा हुआ था। डॉक्टरों ने दवाइयों और खान-पान में परहेज की सलाह दी थी, लेकिन दवाइयों पर निर्भर रहने के बजाय उन्होंने योग को अपनाने का निर्णय लिया। कुछ समय तक योग और दवाइयों के साथ उपचार करने के बाद जब स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ, तो उन्होंने दवाइयां छोड़ दीं।

### नियमित कर रहे अभ्यास

पिछले कुछ वर्षों से वे अहलूवालिया धर्मशाला में आयोजित योग कक्षा में नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे हैं। धीरे-धीरे स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन आया। आज वे किसी प्रकार की दवा नहीं लेते और सामान्य भोजन करते हैं। उनका शरीर हल्का, स्वस्थ और सक्रिय हो गया है। वे पूरे दिन ऊर्जावान रहते हैं और सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं उन्हें परेशान नहीं करतीं। संजय कुमार साइकिलिंग के भी शौकीन हैं। दैनिक कार्यों के लिए साइकिल का ही उपयोग करते हैं।

### स्वच्छता को भी जीवन का अहम हिस्सा

संजय कुमार रा उच्च विद्यालय, अंबली में गणित प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वे बच्चों को गणित पढ़ाने के साथ-साथ योग और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी प्रेरित करते हैं। उनका मानना है कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने का सशक्त माध्यम है। योग के साथ-साथ संजय कुमार स्वच्छता को भी अपने जीवन का अहम हिस्सा मानते हैं। उनकी प्रेरणा से आसपास के लोग भी स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए हैं। उनका कहना है कि घर के अंदर की सफाई जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी घर के बाहर और आसपास की सफाई भी है। स्वच्छ वातावरण से समाज और स्वास्थ्य दोनों बेहतर होते हैं। संजय कुमार कहते हैं, यदि मैं किसी व्यक्ति की मदद करता हूं या किसी के काम आता हूं, तो मुझे उससे सबसे बड़ी खुशी मिलती है।

## भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी ने किसानों से किया संवाद

# नायब सरकार किसान कल्याण के प्रति लगातार प्रगतिशील: सहरावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। किसानों से संवाद करते भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी (रिसर्च एवं पॉलिसी) पायलट नीरज सहरावत ने अनाज मंडी में किसानों से संवाद करते हुए विकसित भारतगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 पर विस्तार से चर्चा की। इस संवाद का केंद्र ग्रामीण रोजगार नीति में प्रस्तावित परिवर्तन, कृषि आधारित आजीविका को सुदृढ़ करने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और आय सुरक्षा को मजबूत करने पर रहा।किसानों को संबोधित करते हुए पायलट नीरज सहरावत ने कहा, “विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। गारंटीकृत रोजगार को उत्पादक परिसंपत्तियों, जल सुरक्षा और ग्रामीण अधोसंरचना से जोड़कर यह अधिनियम कृषि को मजबूती देता है, आय को स्थिर करता है और गांवों को सशक्त बनाता है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रतिबद्ध शासन-प्रणाली के तहत किसान विकसित भारत 2047 की यात्रा का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं।”हरियाणा स्थित कृषि उद्यम संस्थापक सुमित कौशिक ने एकीकृत ग्रामीण विकास और किसान कल्याण पर दिए गए जोर का स्वागत करते हुए कहा, सरकार ने किसान कल्याण के प्रति लगातार प्रगतिशील और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया है। पायलट ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी, किसान-केंद्रित और परिणामोन्मुख नेतृत्व में किसान निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 8291554800

स्मृति में



स्व. श्री रामकृष्ण शर्मा
हमारे आदरणीय श्री रामकृष्ण शर्मा (मनीमाजरा एवं पंचकुला के समाचार पत्र एजेंट) पुत्र स्व. श्री उमा चरण शर्मा की पवित्र और शाश्वत स्मृति में, जो 22.01.2026 को अपनी विनम्र बोली और नेक कार्यों के साथ हमें छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। हम उनके मार्गदर्शन और सहयोग को याद करते रहेंगे।
शोकाकुल
श्रीमती उर्मिला देवी (पत्नी)
अंकुश शर्मा (पुत्र) (मो. 9803439005)
एवं परिवार के सभी सदस्य